हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री


11 गंगा मैया का रहस्यमयी कुंड बना आस्था का केंद्र





12 आयोलाल झूलेलाल के जयघोष से गूंजा शहर









## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।

प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

### चावल और मासिक विवरणी जमा नहीं करने पर कार्रवाई

# कस्टम मिलिंग में लापरवाही, पहली गाज ऋषभ राइस प्रोसेसिंग पर गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कस्टम मिलिंग में लापरवाही बरतने वाली राइस मिलों के खिलाफ प्रशासन का एक्शन शुरू हो गया है। पहली कार्रवाई ऋषभ राइस मिल में हुई। यहां पर पिछले साल की कस्टम मिलिंग का पूरा चावल जमा नहीं किया गया था। इस साल का भी चावल बाकी है। स्टाक का निरीक्षण किया गया तो निर्धारित मात्रा से ज्यादा चावल मिल के गोदाम में पाया गया। मिल संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है।

श्यामतराई स्थित ऋषभ राइस प्रोसेसिंग के संचालक विनय पारख ने वर्ष 2024-25 में 64 हजार क्विंटल धान की कस्टम मिलिंग के लिए मार्कफेड से अनुबंध किया था, जिसमे से 38 हजार 631.68 क्विंटल धान का डीओ जारी कर उठाव किया गया है। इस धान के एवज में फर्म को 26 हजार 129.72 क्विंटल चावल जमा किया जाना था। मिलर्स ने 5 हजार 262.67 क्विंटल चावल कम जमा किया है। इस चावल को जमा करने में रूचि नहीं ली जा रही है। इसी प्रकार वर्ष 2025-26 में इस फर्म को 96 हजार 80 क्विंटल धान का उठाव करने हेतु खाद्य विभाग से अनुमति प्रदान की गई है। जारी अनुमति के विरूद्ध धान उठाव हेतु 35 हजार 870 क्विंटल का डीओ मार्कफेड से जारी किया गया। जारी डीओ के विरूद्ध 17 हजार 628.09 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। फर्म द्वारा इस वर्ष का 11 हजार 926.11 क्विंटल चावल जमा किया जाना शेष है। लापरवाही को देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को सहायक खाद्य अधिकारी भेलेन्द्र कुमार ध्रुव एवं खाद्य निरीक्षक वैभव कोरटिया ने ऋषभ राइस प्रोसेसिंग की आकस्मिक जांच की। फर्म के भौतिक सत्यापन में प्राप्त धान व चावल का मिलान करने पर चावल 257.33 क्विंटल अधिक पाया गया। यही नहीं 250 क्विंटल चावल अन्य राइस मिल प्रिशा इंटरप्राईजेस कुकरेल के मार्का वाले बारदानों में मिला।



#### मामला दर्ज

जांच के दौरान फर्म के संचालक ने बी-1 प्रस्तुत नहीं कर पाया। फर्म द्वारा खाद्य विभाग को मासिक विवरणी भी प्रस्तुत नहीं दी जाती है। कस्टम मिलिंग के लिए जारी अनुमति, अनुबंध एवं धान उठाव कर निर्धारित समय में चावल जमा नहीं किये जाने तथा कस्टम मिलिंग कार्य को प्राथमिकता नहीं दिये जाने के कारण छग कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 3(2), कंडिका 3(3) कंडिका 4(3) एवं कंडिका 12 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का उल्लघंन माना गया। फर्म के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# बड़ी कार्रवाई : बिना लाइसेंस के चल रही पानी पाऊच फैक्ट्री को फूड विभाग ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- बाजार से सैकड़ों अमानक पानी पाऊच को किया गया जब्त

शहर की दुकानों में बिना एक्सपायरी डेट और बैच नंबर पानी पाऊच और बोतलों धड़ल्ले से बिक रही थी। लोगों की सेहत को ध्यान में रखते धमतरी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओसिनो ब्रांड के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के विक्रय और भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं फूड विभाग ने बिना अनुमति के गुरूर में चल रही पानी पाऊच की फैक्ट्री को सील कर दिया है।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार यादव के आदेश के अनुसार बालोद जिले के गुरूर में स्थित एम/एस एसकेएस इण्डस्ट्रीज द्वारा निर्मित ओसिनो ब्रांड के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की जांच के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आई। विभाग द्वारा लगभग 288 पानी पाऊच का नमूना परीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि उत्पाद का निर्माण तिथि, बैच नंबर और एक्सपायरी जैसी अनिवार्य जानकारी अंकित नहीं थी। जो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2020 का स्पष्ट उल्लंघन है। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित फर्म के पास पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की निर्माण की वैध अनुमति नहीं है। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर पानी पाऊच का निर्माण हो रहा है। जिले में यह स्थिति न केवल नियमों की अनदेखी है बल्कि सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी है। इसी आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा-36-3-ख के तहत कार्रवाई करते हुए धमतरी के बस स्टैण्ड के पास चखना सेन्टर में ओसिनो ब्रांड की पानी पाऊच बिक्री होते पाई गई। उसके बाद ओसिनो ब्रांड की ड्रिंकिंग वाटर बनाने वाली फैक्ट्री का पता लगाया गया। उसके पास पानी पाऊच बनाने का लाइसेंस नहीं था। इसकी जानकारी खाद्य सुरक्षा आयुक्त को दी गई। आयुक्त के निर्देश पर बालोद जिला खाद्य विभाग ने गुरूर स्थित एमएस एसकेएस इण्डस्ट्रीज पर कार्रवाई कर लगभग 4 हजार पानी पाऊच मशीन व अन्य सामान सहित 5 लाख के सामान समेत फैक्ट्री को सील कर दिया है। इण्डस्ट्रीज ने खाद्य सामग्री बनाने का लाइसेंस लिया था। पानी पाऊच बनाने के लिए अधिकृत नहीं था।







### प्रतिबंधित उत्पाद का उपयोग करने पर होगी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश यादव ने मीडिया को बताया कि जिले के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रतिबंधित उत्पाद ओसिनो ब्रांड के पानी पाऊच का स्टॉक हटा दें। आगे किसी भी रूप में इसका उपयोग या बिक्री न करें। आदेश का उल्लंघन करने वाले संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।







## खबर संक्षेप



### सशिमं में हिंदू नववर्ष हर्षोल्लास से मना

**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में हिंदू नववर्ष हर्षोल्लास से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा गीत,भाषण, नृत्य आदि प्रस्तुत किए। अतिथि तेजराम साहू अध्यक्ष सरस्वती शिक्षण समिति आमदी, रामचंद देवांगन सचिव, राधेश्याम साहू, कोषाध्यक्ष थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने विचार रखे। इस समारोह में प्राचार्य जनकराम साहू, प्यारेलाल साहू, चंद्रहास साहू ,लोमेश्वर साहू, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवल राम साहू, शिक्षिका प्रेमा साहू, उर्मिला साहू, चमेली साहू, लक्ष्मी साहू, नर्मदा मटियारा, तारिणी साहू, तेश्वरी पटेल, रेणुका साहू, लोमिका साहू का सहयोग रहा।

### नीलग्रीव का नवोदय विद्यालय में चयन

**मगरलोड।** केंद्रीय विद्यालय कुरूद में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत तथा



ग्राम मेघा निवासी पनेश कुमार सेन के पुत्र नीलग्रीव सेन का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। 97.50 अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके चयन पर परिजनों एवं ग्रामीणों में हर्ष है।

### चिटौद में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**पुरूर(धमतरी)।** सुनता संगठन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से गांधी चौक चिटौद में कबड्डी प्रतियोगि 21 मार्च को होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदीप रणसिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। सरपंच तीरथ यादव अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि पुरूषोत्तम सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, गोविंद चक्रधारी, जितेन्द्र साहू, विवेक सिन्हा, रमेश जोगी, रमेश नेताम, भुखउ फुटान, ईश्वरी सिन्हा, रूपराम नागवंशी, आरडी शोरी, गोपीचंद साहू, गौरव यादव होंगे। प्रथम पुस्कार 11001 रूपये, द्वितीय 7001 रूपये, तृतीय 5001 रूपये व चतुर्थ पुस्कार 3001 रूपये प्रदान किया जायेगा।

### उसरवारा में हीरक मंडल समन्वय समिति का पुनर्गठन

**पुरूर(धमतरी)।** क्षेत्र के ग्राम उसरवारा में गायत्री प्रज्ञा मंडल द्वारा हीरक मंडल समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया। संगठन को मजबूत बनाने और रचनात्मक गतिविधियों को गति देने विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। अरुण साहू को समन्वयक, तुलसी देवी वर्मा को सहसमन्वयक तथा पुरुषोत्तम सिंह गर्ग को कार्यालय प्रभारी बनाया गया। इसके साथ ही अन्य सदस्यों को शिक्षा, संस्कृति, मीडिया, नारी जागृति और युवा जागृति जैसे विभिन्न प्रभार सौंपे गए। संरक्षक एवं सलाहकार मंडल का भी गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों ने माताजी के जन्मशताब्दी वर्ष में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। पुनर्गठन प्रक्रिया ब्लॉक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई, जिसमें अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

### निधन

### अर्जुनराम साहू

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम सिलौटी निवासी अर्जुनराम साहू का



निधन 19 मार्च को हो गया। वह श्रीमती रोहिणी बाई के पति एवं शीतल कुमार साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं परिवारजन सम्मिलित हुए।

योजनाओं के क्रियान्वयन और व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, किसानों को केसीसी की किताब सौंपी

# जिले में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर मिश्रा पहुंचे गांव-गांव





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों का व्यापक भ्रमण कर विकास कार्यों, कृषि गतिविधियों एवं संस्थागत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा आमजन को त्वरित लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा के भ्रमण की शुरुआत पोटियाडीह से हुई, जहां कलेक्टर ने पीएसीएस एवं हाउसिंग सोसायटी का निरीक्षण करते हुए खाद-बीज वितरण, ऋण सुविधा तथा अभिलेखों के संधारण की समीक्षा की। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं सुनी ।

कलेक्टर ने बताया कि पोटियाडीह 4000 मैट्रिक टन का गोदाम बनाने की कार्य योजना बनाई है, पोटियाडीह में आज चना खरीदी केंद्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को केसीसी की किताब सौंपी। इसके पश्चात उन्होंने आमदी में नगर पंचायत का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं डब्ल्यूटीपी (जल शोधन संयंत्र) की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की। वहीं कॉलेज रोड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क गुणवत्ता एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डोमा में सोसायटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जुगदेही में किसानों से संवाद कर मक्का फसल की स्थिति की जानकारी ली और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। सुपेला में पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण कर कलेक्टर ने पशुपालन को आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम बताते हुए इस क्षेत्र में और अधिक प्रोत्साहन देने की बात कही। सेमरा बी में सोसायटी, मक्का एवं उड़द फसल की स्थिति का अवलोकन कर किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने की सलाह दी गई। भखारा कृषि उपज मंडी में चना खरीदी का अवलोकन किया। इसके बाद भखारा तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण, अभिलेखों के डिजिटलीकरण एवं आमजन को समयबद्ध सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने रिकार्ड रूम का भी निरीक्षण किया।

# वैराग्य की ओर अग्रसर काजल अप्रैल में माउंट आबू में लेंगी दीक्षा

- गुरु भगवंतों की प्रेरणा से जागा वैराग्य का भाव, पारख परिवार ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



जैन धर्म की पावन परंपरा में एक और प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया है, जहां पंडरिया निवासी सुश्री काजल डाकलिया खत्तर गच्छीय आचार्य श्रीजी की आज्ञा एवं महेंद्र सागर मसा, मनीष सागर मसा तथा कोकिल कंठी संघमित्रा श्रीजी की अनुपम प्रेरणा से वैराग्य मार्ग अपनाते हुए आगामी अप्रैल माह में माउंट आबू के दिलवाड़ा में दीक्षा ग्रहण करेंगी। गुरु भगवंतों की प्रेरणा एवं सत्संग के प्रभाव से उनके हृदय में वैराग्य भाव जागृत हुआ। दिनेश डाकलिया की पुत्री काजल डाकलिया बचपन से ही धार्मिक संस्कारों से ओतप्रोत रही हैं। दादा कन्हैयालाल डाकलिया एवं परिवार के अन्य सदस्यों के सान्निध्य में उन्होंने धर्म के प्रति विशेष रुचि विकसित की। प्रतिदिन प्रभु दर्शन, जिनवाणी श्रवण और गुरुजनों के मार्गदर्शन ने उनके जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान की। कंवरलाल सूरज देवी पारख परिवार द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में समाजजनों ने काजल के इस निर्णय का स्वागत किया।

काजल ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि वे संयम और साधना के मार्ग पर चलकर आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर होना चाहती हैं। उन्होंने सभी के आशीर्वाद को अपनी शक्ति बताया।

## मां कर्मा का जीवन समाज कल्याण को समर्पित था : लेखराम

- होली मिलन समारोह एवं कर्मा महोत्सव में पहुंचे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



परिक्षेत्र स्तरीय होली मिलन समारोह एवं मां कर्मा महोत्सव वार्षिक सम्मेलन ग्राम मोखा में रखा गया था। मुख्य अतिथि लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वय पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नई दिल्ली थे। विशिष्ट अतिथि रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी, प्रदीप साहू प्रदेश सचिव प्रदेश साहू संघ परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा थे। समाजजनों द्वारा कलशयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर लेखराम साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन समाज कल्याण और समर्पण की भावना से ओत-प्रोत था। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# जंगल में आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

- रिसगांव परिक्षेत्र के 2.5 एकड़ जंगल में आगजनी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आग लगाने वालों की अब खैर नहीं है। रिसगांव परिक्षेत्र में महुआ बीनने तथा वनक्षेत्र में अतिक्रमण कर खेती करने के नाम से आग लगाने वाले एक व्यक्ति को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है।



वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोरक्षेत्र रिसगांव परिक्षेत्र कक्ष 230 के 2.499 हेक्टेयर क्षेत्र में माचिस की तीली से सूखे पत्ते और गिरी हुई लकड़ियों में 12 मार्च को आग लगाकर आरोपी मौके से फरार हो गया। आगजनी से वन्यप्राणियों के रहवास क्षेत्र का विनाश हुआ है। परिसर रक्षी मुंहकोट द्वारा पतासाजी करने पर महुआ फूल बीनने तथा वन क्षेत्र में अवैध कब्जा कर खेती करने के लिए रामरतन पिता देवीसिंग गोंड 66 वर्ष ग्राम मुहकोट थाना खल्लारी तहसील नगरी द्वारा आगजनी करने की जानकारी मिली। मुंहकोट परिसर वनरक्षक लीलेश्वर कुमार ने पीआआर दर्जकर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी को 19 मार्च को गिरफ्तार किया। उसे न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के समक्ष पेश किया गया। न्यायालयीन आदेश पर आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया है। इस कार्रवाई में यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन, सीतानदी परिक्षेत्र के सहायक संचालक बीएस राजपूत, वनक्षेत्रपाल शैलेष कुमार बघेल, वनरक्षक लीलेश्वर कुमार, भोजराम नेताम, पेट्रोलिंग श्रमिक तथा फायर वाचर का योगदान रहा।

# खराब मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता, गर्मी से मिली राहत


**बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल को नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सप्ताह भर से खराब चल रहे मौसम से अंचल का तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम हो गया है। तापमान गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है।

किसान शांतिलाल देवांगन, संतोष साहू, जगतराम बताते हैं कि उन्होंने खरीफ फसल में चने की खेती की है। फसल कटाई का समय है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से अनेक किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। लगातार मौसम खराब रहने से किसानों की टेंशन बढ़ गई है। रोज सुबह हल्की बूंदाबांदी, शाम को हवा तूफान चलने से उनकी धड़कन तेज हो जाती है। जब तक मौसम खराब रहेगा, किसानों की नींद उड़ी रहेगी।

### आंधी, बिजली, बारिश की चेतावनी



मौसम विज्ञान विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम मध्यप्रदेश और उससे सटे दक्षिणी उत्तर प्रदेश के चक्रवाती परिसंचरण से होकर झारखंड, उत्तरी पश्चिम बंगाल, दक्षिण असम होते हुए नागालैंड तक 9 किमी की ऊंचाई है। उत्तरी आंध्रप्रदेश के पास पश्चिम मध्यबंगाल की खाड़ी में 3.1 किमी ऊपर पर उपरी वायु चक्रवाती का परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने, गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा की चेतावनी दी गई है।

### तापमान सामान्य से कम

मार्च माह के साथ अंचल में तापमान 37 डिग्री पर चला गया था। सामान्य से अधिक तापमान बढ़ने से लोगों की हालत पतली होने लगी थी। मौसम के करवट लेने के बाद अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। दो दिन बाद फिर से गर्मी का पारा चढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन बाद अधिकतम तापमान में कोई वृद्धि की संभावना नहीं है। उसके बाद 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की संभावना है।

## नोमेश ने इथनोमेडिसीन और हर्बल मेडिसिन पर मॉडल प्रस्तुत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भारतीय उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान आईआईएम और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आयोजित छः दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थी नोमेश का चयन हुआ है। वह एमएससी वनस्पति शास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र है। नोमेश ने आईआइएम भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। कार्यशाला में देशभर के सफल उद्यमियों के बीच नोमेश ने अपने इथनोमेडिसिन और हर्बल मेडिसिन पर आधारित स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डा. मनदीप खालसा, विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक, प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन, डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. हितेषानंद ठाकुर, डॉ.दीपा देवांगन, प्रो.लोकेश्वरी राठिया, प्रो. कौशल नायक, डॉ. कविता, सीता नेताम, नेहा राजन, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, प्रियंका सिंह, ललिता कोकिला, डिलेश्वरी पटेल, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन ने दी है।

# कौहाबाहरा में शहीद निर्मल सिंह को किया याद

- नौवे शहादत दिवस पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



दुगली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कौहाबाहरा में शहीद निर्मल सिंह नेताम का नौवां शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। बाजार चौक स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। सभी ने पुष्प अर्पित कर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर लोगों ने शहीद निर्मल सिंह नेताम के शौर्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। ज्ञात हो कि 18 मार्च 2017 को दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के बुरगुम डोरेपारा जंगल में नक्सली मुठभेड़ के दौरान वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। दंतेवाड़ा पुलिस में चयनित होकर उन्होंने विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) में सेवाएं दीं और देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

श्रद्धांजलि सभा में जनपद सदस्य कलावती मरकाम, मानकी कुंजाम, लल्लेश्वरी नेताम, मोनिका मंडावी, थाना प्रभारी रामकृष्ण मरकाम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी, पूर्व सरपंच शिवप्रसाद नेताम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में शहीद के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# केंद्रीकृत प्राथमिक परीक्षा की व्यवस्था पर शिक्षक फेडरेशन ने उठाए सवाल

**कुरूद।** राज्यस्तरीय केंद्रीकृत प्राथमिक परीक्षा 2026 की व्यवस्था को लेकर समग्र शिक्षक फेडरेशन ने कई खामियों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश राम साहू ने कहा कि परीक्षा संचालन और प्रश्नपत्र निर्माण में कई तकनीकी कमियां सामने आई हैं, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी हुई।

उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र में पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर के लिए कोई स्थान नहीं दिया गया था, जिससे परीक्षा केंद्रों में भ्रम की स्थिति बनी रही। वहीं उत्तरपुस्तिका में विद्यार्थियों को उत्तर लिखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण खासकर गणित जैसे विषयों में बच्चे व्यवस्थित तरीके से हल नहीं कर पाए।

फेडरेशन ने यह भी कहा कि प्रश्नपत्र निर्माण में निर्धारित ब्लू प्रिंट का समुचित पालन नहीं किया गया। इसके अलावा परीक्षा को अलग-अलग जगहों पर अलग नामों से संबोधित किया गया, जैसे कहीं केंद्रीकृत प्राथमिक परीक्षा, कहीं प्राथमिक पात्रता परीक्षा और कहीं प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों में असमंजस बना रहा।

उत्तरपुस्तिकाओं की पैकिंग को लेकर भी अलग-अलग दिशा-निर्देश दिए गए। फेडरेशन का कहना है कि शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के बावजूद विभाग परीक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने में अपेक्षित सफलता नहीं दिखा पाया। संगठन ने व्यवस्था की समीक्षा कर सुधार करने की मांग की है।

**तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान का हुआ समापन**

# खर्रा के मानसगान में सेनचुवा, धरमपुरा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम खर्रा में शिवशंकर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय मानसगान एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन 14, 15 एवं 16 मार्च को रखा गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। भगवान श्रीराम के भजनों से खर्रा ग्राम राममय हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ने अपने उद्बोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों का बखान किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम बजरंग मानस मंडली सेनचुवा 2001 रुपए, द्वितीय राधे कृष्णा मानस परिवार धौंराभाटा 1801 रूपये, तृतीय स्वरागिनी मानस परिवार रौना अर्जुंदा 1601 रुपए, चतुर्थ सत्यम शिवम सुंदरम कोल्हा भिलाई 1401 रुपए, पंचम शिव मानस परिवार मानपुर मोहला को 1201 रुपए से पुरस्कृत किया गया। विशेष पुरस्कार व्याख्या में प्रज्ञा मानस परिवार मरौद 501 रुपए, संगीत में अनुराग मानस परिवार बोरमुरा 501 रुपए, अनुशासन में सुरसिंगार मानस परिवार गातापार अभनपुर 501 रुपए से पुरस्कृत किया गया। महिला वर्ग में प्रथम समर्पण महिला मानस परिवार धरमपुरा 2001 रुपए, द्वितीय श्रद्धा सुमन बालिका मानस परिवार पचपेड़ी 1801 रुपए, तृतीय तारकेश्वर बालिका मानस परिवार चंद्रखुरी 1601 रुपए, चतुर्थ श्री हरि महिला मानस परिवार मुड़ा गांव छुरा 1401 रुपए, पंचम जय मां शारदा महिला मानस परिवार डोटोपार 1201 रुपए रहे। विशेष पुरस्कार व्याख्या में गौरी महिला मानस परिवार रेंगा कठेरा गुंडरदेही को 501 रुपए, संगीत में शारदा रानी बालिका मानस परिवार सोरिद महासमुंद 501 रुपए, अनुशासन में श्रद्धा महिला मानस परिवार मड़ियापार गुंडरदेही को 501 रुपए से पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में आयोजक समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ध्रुवंशी, संरक्षक बिसंभर साहू, झाड़ू वर्मा, अजय कश्यप, ओमप्रकाश साहू, चैतराम साहू, नंदूराम साहू, भागवत राम साहू, महेश साहू, गोवर्धन ध्रुवंशी, जयपाल ध्रुवंशी , बृजलाल साहू, अमरनाथ तारक, शशि ध्रुवंशी, मन्नूलाल साहू, नाथू राम यादव, मोहन ध्रुव, मणिराम साहू, हरिशंकर साहू, तिजऊ राम साहू, प्रह्लाद पटेल, कर्णवीर तारक, गोपाल साहू सहित अन्य सदस्यों और ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## मसीही समाज ने कब्रिस्तान के लिए मांगी जमीन

- भखारा तहसील क्षेत्र में जमीन चिन्हांकन एवं आवंटन के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मसीही समाज तहसील भखारा ने पृथक एवं स्थाई कब्रिस्तान के लिए जमीन की मांग कलेक्टर से की है। मसीही समाज भखारा निवासी डमेश्वर लाल, विजय जगनायक, मिथिलेश, महेश कुमार, देवसिंग पनिका, अशोक खरे, द्वारिका प्रसाद ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि मसीही समाज के लोग भखारा तहसील के विभिन्न गांवों में दीर्घकाल से निवासरत हैं। इसके बावजूद समाज के लिए किसी गांव या क्षेत्र में शासकीय कब्रिस्तान नहीं है।

कब्रिस्तान नहीं होने से दिवंगत परिजनों को दफन संस्कार के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक तनाव एवं प्रशासनिक असुविधा होने के अलावा अन्य समुदायक के कब्रिस्तानों या दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर होना पड़ता है जिससे शांति व्यवस्था, मानवीय गरिमा, धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित होती है। मसीही समाज ने भखारा तहसील में शासकीय जमीन का सर्वे कर स्थाई एवं विधिवत कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन की मांग की है।

**अगस्त ऋषि आश्रम की पहाड़ी पर है कुंड, दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु**

# गंगा मैया का रहस्यमय कुंड बना आस्था का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा अंचल में स्थित अगस्त ऋषि आश्रम की पहाड़ी इन दिनों श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बन गई है। वनांचल और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही सप्तऋषियों की तपोभूमि के रूप में प्रसिद्ध रहा है।

ग्राम हरदीभाट्ठा और मुकुंदपुर के बीच स्थित इस पहाड़ी पर एक पवित्र स्थल है, जिसे स्थानीय लोग गंगा मैया का स्थान मानते हैं। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर यहां दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ भक्तिमय माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से यहां दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

स्थानीय पुजारी प्रेमलाल नेताम के अनुसार वर्ष 2008 में नवरात्रि के दौरान मिले संकेत के आधार पर पहाड़ी पर खोजबीन की गई, जहां पत्थर से ढंका एक कुंड मिला। पत्थर हटाने पर उसमें जल भरा मिला, जो आज तक कभी नहीं सूखा। चारों ओर पत्थरों से घिरे इस कुंड को श्रद्धालु गंगा मैया की दिव्य जलधारा मानते हैं।

आस्था और चमत्कार का संगम इस कुंड का जल पूजा-पाठ और भंडारे में उपयोग किया जाता है, लेकिन इसके बावजूद जल स्तर में कोई कमी नहीं आती। स्थानीय मान्यता है कि इस जल में स्नान या सेवन करने से कष्टों और दोषों से मुक्ति मिलती है।

जनपद सदस्य मुनेंद्र ध्रुव ने बताया कि भीषण गर्मी में भी कुंड का जल बना रहना एक अद्भुत प्राकृतिक रहस्य है। यही कारण है कि यह स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनता जा रहा है। इस पवित्र स्थल की सेवा में गांव के पुजारी और स्थानीय लोग निरंतर लगे हुए हैं, जिससे यहां की आस्था और भी मजबूत हो रही है।



## सेवानिवृति सम्मान : कर्तव्य परायणता की मिसाल पेश कर विदा हुए सचिव हेमनंदन कामडे



■ सचिवों ने साथी को भेंट की 81 हजार रुपये की सम्मान राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव हेमनंदन कामड़े के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत चरोटा में अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए श्री कामड़े को जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित सेन और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भावभीनी विदाई दी गई। समारोह के दौरान ग्राम पंचायत सचिवों ने आपसी सहयोग से अपने साथी कर्मचारी के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उन्हें 81,000 रुपये नकद, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कामड़े के स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई की बेला में सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए समय और उनके कार्य करने के सहज अंदाज को याद किया, जिससे माहौल काफी भावुक हो गया।

इस विदाई समारोह में जिला सरपंच संघ अध्यक्ष टिकेश साहू, ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू सहित जनपद के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में सचिव मौजूद रहे। मंच संचालन रमेश कुमार यादव द्वारा किया गया।

### समर्पित कर्मचारी ही शासन की असली पूंजी होते हैं : गीतेश्वरी

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि हेमनंदन कामड़े ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर कार्य करना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन कामड़े ने हमेशा जनहित को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया। ऐसे समर्पित कर्मचारी ही शासन की असली पूंजी होते है।

## यदुवंशी ठेठवार यादव समाज का वार्षिक सम्मेलन

■ ईष्टदेव श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही समाज की प्रगति संभव: कृपाराम





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जिला यदुवंशी ठेठवार यादव समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन, पदाधिकारी चुनाव एवं सम्मान समारोह रूद्री मुड़पार स्थित मुख्यालय भवन में हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, युवाओं की भागीदारी और गौरवशाली इतिहास को जीवंत रखने पर जोर दिया गया। प्रथम सत्र में आय-व्यय बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन के दूसरे सत्र में मुख्य निर्वाचन प्रभारी कोमल यदु की देखरेख में प्रजातांत्रिक पद्धति से चुनाव हुआ। सर्वसम्मति और मतदान के आधार पर दादूलाल यदु को अध्यक्ष, जगन्नाथ यदु को सचिव और बालमुकुंद यादव को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष दादूराम ने समाज को एकजुट कर विकास पथ पर ले जाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि कृपाराम यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि यदुवंशियों का इतिहास शौर्य और स्वाभिमान से भरा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रेरणा लेकर ही समाज आगे बढ़ेगा। हमें वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाकर कुरीतियों को त्यागना होगा। उन्होंने यादव रेजीमेंट और स्वतंत्रता संग्राम में मदन ठेठवार व पिरदी ठेठवार जैसे शहीदों के बलिदान को याद करते हुए युवाओं को पूर्वजों के संस्कारों को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया। इस आयोजन में कोमल यदु, बाबूलाल यदु और आनंद यदु सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रतिभाओं और वरिष्ठों का सम्मान

अंतिम सत्र में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार कृपाराम यादव ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला समाज की ओर से 3,000 रुपये तथा कृष्ण सखा परिवार की ओर से 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले वरिष्ठ नागरिकों का भी अभिनंदन किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## रमजान के बाद खुशियों की सौगात लाता है ईद-उल-फितर




ईद का इतिहास इस्लाम के सिद्धांतों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। रमजान का महीना, आत्म-चिंतन, आध्यात्मिक शुद्धि और लोगों के लिए सहानुभूति बढ़ाने का समय है। इस दौरान खानपान और अन्य सांसारिक सुखों से परहेज किया जाता है और अल्लाह के साथ अपना रिश्ता मजबूत करने के लिए आत्म-अनुशासन विकसित किया जाता है। ऐसे में ईद-उल-फितर इस कठिन आध्यात्मिक तपस्या को सफलतापूर्वक पूरा करने का उत्सव है। साथ ही यह मौका है, ऐसा करने के लिए शक्ति और मार्गदर्शन देने के लिए अल्लाह के प्रति आभार व्यक्त करने का समय है।

**ईद-उल-फितर का महत्व** – ईद-उल-फितर एक बेहद महत्वपूर्ण इस्लामी उत्सव है, जो रमजान पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए अल्लाह के प्रति आभार का प्रतीक है। साथ ही यह पर्व रमजान के दौरान विकसित हुई सकारात्मक आदतों की निरंतरता को दर्शाता है। यह पर्व सामुदायिक एकता पर जोर देता है, जकात-उल-फितर के जरिए दान और उदारता को बढ़ावा देता है, क्षमा और मेल-मिलाप को प्रोत्साहित करता है।






## खबर संक्षेप




### दिल्ली में ट्रेड डील के खिलाफ चल रहे सत्याग्रह में शामिल हुए युकांई

**धमतरी।** भारत-विरोधी अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। ज्ञात हो कि युवा कांग्रेस द्वारा पिछले 26 दिनों से सत्याग्रह किया जा रहा है। कांग्रेसियों ने कहा कि जब तक यह डील रद्द नहीं होती यह सत्याग्रह चलता रहेगा। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब से मुलाकात की।इस अवसर पर धमतरी प्रभारी उमेश डोंगरे, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, जिला महासचिव गीतराम सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष तोगु गुरूपंच, पुखराज साहू, संजू साहू, कुपेश मार्कण्डेय, तिलक भारती, सौरभ महेश्वरी शामिल हुए।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में पं. राजेश की नियुक्ति

**धमतरी।** समाजसेवी पं. राजेश शर्मा को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किए जाने पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उनके निवास और कार्यालय में दिनभर समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों का तांता लगा रहा। इस दौरान पं. राजेश शर्मा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और पार्टी की विचारधारा के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।



### विधायक अंबिका ने विधानसभा में अवैध प्लॉटिंग का उठाया मुद्दा

**नगरी।** जिले में बढ़ती अवैध प्लॉटिंग की समस्या को लेकर सिहावा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने विधानसभा में जोरदार तरीके से मुद्दा उठाया। उन्होंने तथ्यपूर्ण प्रस्तुति के साथ शासन और प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता बताई।विधायक ने सदन में कहा कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिना वैधानिक अनुमति के बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। कृषि भूमि को नियमों की अनदेखी कर प्लॉट में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे भू-राजस्व नियमों का उल्लंघन हो रहा है और शासन को राजस्व की भारी हानि उठानी पड़ रही है। विधायक मरकाम ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह विकराल रूप ले सकती है और आम जनता को आर्थिक व सामाजिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग दोहराई।







## चेट्रीचंड्र महोत्सव : झूलेलाल मंदिर में हुई आरती, निकली शोभायात्रा

# आयोलाल झूलेलाल के जयघोष से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल की जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर शहर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में सुबह से लेकर देर शाम तक विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चली, जिसमें समाजजनों के साथ-साथ शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे कोष्टपारा स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में आरती, पल्लव और अरदास के साथ हुई। इसके पश्चात 12 बजे स्कूटर रैली का आयोजन किया गया, जो मंदिर परिसर से निकलकर गणेश चौक, सदर बाजार, रत्नाबांधा चौक सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस समाज की धर्मशाला पहुंची। रैली में युवाओं का खासा उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने आयोलाल झूलेलाल के जयघोष के साथ पूरे शहर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया।



रैली के समापन बाद धर्मशाला में श्री भंडारा साहिब का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। दोपहर बाद पुनः मंदिर में आरती, पल्लव और अरदास के पश्चात शाम 5 बजे श्री बहिराणा साहिब की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कोष्टपारा से प्रारंभ होकर गणेश चौक, सदर बाजार, गोलबाजार, घड़ी चौक होते हुए आमापारा स्थित बनियातालाब पहुंची, जहां महाआरती के साथ बहिराणा साहिब की ज्योत का विधिवत विसर्जन किया गया।

पूरे मार्ग में शोभायात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह समाज के साथ अन्य समुदायों के लोगों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धा प्रकट की। महिलाएं भजन-कीर्तन में लीन रहीं, वहीं युवा वर्ग बैंड-बाजे की धुन पर झूमते नजर आए। हाथों में ध्वज लिए श्रद्धालु पूरे जोश के साथ भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाते रहे। घड़ी चौक पर पूर्व विधायक रंजना साहू, चेतन हिंदूजा, प्रकाश गोलछा, कोमल सार्वा, रिक्की गनवानी, डीपेंद्र साहू, दौलत वाधवानी, मनीष आसवानी, पूर्णिमा बनपेला, डॉली सोनी, अमित साहू, नीरज शर्मा सहित अन्य ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री पूज्य पंचायत सिंधी समाज, श्री झूलेलाल मंडल, श्री समर्पण सिंधु सेवा समिति, श्री सिंध महिला संगठन एवं श्री झूलेलाल महिला मंडल सहित अन्य सामाजिक समितियों का सहयोग रहा।



कार्यक्रम में योगेश सोनू जसूजा कार्यवाहक अध्यक्ष, महेश रोहरा कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सेंट्रल पंचायत, चन्द्रलाल जसवानी, किशोर चारवानी, महेश रामरख्यानी, पार्वती वाधवानी, रोमी सावलानी, अशोक वाधवानी, पुरुषोत्तम वाशानी, संतोष तेजवानी, सुरेश वर्लयानी, संजय मुंजवानी, अशोक चारवानी, किशोर वाधवानी, भगवानदास चावला, मोहन लालवानी, हीरा पंजवानी, महेश पंजवानी, चरण मुंजवानी, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### लंबित मांगों को लेकर पेंशनरों ने बोला हल्ला

**नगरी।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज, तहसील शाखा नगरी-सिहावा के तत्वावधान में पेंशनरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्यालय नगरी स्थित रावणभाठा मैदान में धरना-प्रदर्शन किया। पेंशनर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी वर्षों पुरानी मांगों को लेकर शासन-प्रशासन का कई बार ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। पेंशनरों की मांगें पूरी तरह जायज हैं और उनके सम्मानजनक जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। धरना-प्रदर्शन के पश्चात पेंशनर्स समाज ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पेंशनरों ने कहा कि भुगतान के लिए



मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बीच सहमति लेने की प्रक्रिया समाप्त की जाए। महंगाई राहत भत्ता 1 जनवरी एवं 1 जुलाई से ही लागू की जाए। छठवें वेतनमान के तहत 32 माह का एरियर्स भुगतान किया जाए। सातवें वेतनमान के अनुरूप 27 माह का एरियर्स पेंशनरों को दिया जाए। पेंशनर्स कल्याण निधि से चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति एवं कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान पेंशनर्स समाज नगरी के अध्यक्ष आरएल देव, सचिव पीआर चंद्रवंशी, एएल बनपेला, डीएस ध्रुव, बीएस सुरेशा, कोषाध्यक्ष जीएस वर्मा, लक्ष्मण गजपाल, एसपी ग्वाले, रमेश साल्वा, शकुन कश्यप सहित तहसील कार्यकारिणी के सदस्य एवं पेंशनभोगी उपस्थित थे।

## कुरूद के 26 स्काउट-गाइड राज्यस्तरीय शिविर के लिए पचमढ़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर में शामिल होने के लिए कुरूद ब्लॉक के 26 स्काउट-गाइड गुरुवार को रवाना हुए। यह पांच दिवसीय शिविर 20 मार्च से 24 मार्च तक राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी (मध्यप्रदेश) में आयोजित किया जा रहा है।

रवानगी के पूर्व स्काउट-गाइड स्थानीय संघ कुरूद के उपाध्यक्ष राजेश पांडेय और संस्थागत प्रतिनिधि श्रवण साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री पांडेय ने कहा कि स्काउटिंग-गाइडिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। पचमढ़ी का यह राज्य स्तरीय शिविर बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का एक सुनहरा अवसर है। यहां से प्राप्त पर्वतारोहण और अनुशासन के गुण उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।श्रवण साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज आपदा प्रबंधन की जानकारी हर नागरिक के लिए आवश्यक है। कुरूद ब्लॉक के ये बच्चे न केवल नई तकनीकें सीखेंगे, बल्कि वापस लौटकर अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।



स्थानीय संघ के सचिव ऐश कुमार साहू ने बताया कि पचमढ़ी का राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र अपनी भौगोलिक परिस्थितियों और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए जाना जाता है। शिविर के दौरान बच्चों को पर्वतारोहण की बारीकियों के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास और आपदा प्रबंधन के विशेष गुर सिखाए जाएंगे। कुरूद से प्रभारी के रूप में पुसु दीवान, होमेश्वर साहू भी रवाना हुए। इस अवसर पर स्थानीय संघ के पदाधिकारी, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों को अनुशासित रहकर नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित किया।

### मुस्कान नवोदय के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

प्रायोगिक प्राथमिक शाला छिपली की मुस्कान ध्रुव का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही। उनका मार्गदर्शन अजय साहू शिक्षक ने किया।उसकी उपलब्धि पर हृदय साहू जनपद उपाध्यक्ष, लीकेश्वरी पोटाई सरपंच, घेवरचंद साहू उपसरपंच, पूर्णिमा चतुर्वेदी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, अनिरूद्ध सोन उपाध्यक्ष, मुक्तेश्वरी सोम, सोनिया साहू, दुलेश्वरी चन्द्रवंशी प्रधानपाठक, हेमपुष्पा साहू, साधना कश्यप, देवकांत गजपाल, पूनम गायकवाड़, हरिशंकर कुर्रे, जागेश्वरी नेताम ने खुशी जाहिर की है।



## माहेश्वरी समाज ने मनाया गणगौर पर्व

**कुरूद।** नगर के आराध्य चंडी मंदिर प्रांगण में माहेश्वरी समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने गणगौर महापर्व श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया। वातावरण भक्ति-सुरों, लोकगीतों और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर रहा। प्रातःकाल से ही व्रत धारण कर महिलाओं ने घर-आंगन एवं मंदिरों को सुसज्जित किया। मिट्टी की गणगौर प्रतिमाओं को मनोहर वस्त्राभूषणों से अलंकृत कर विधि-विधानपूर्वक माता गौरी एवं भगवान शिव की आराधना की। परिवार की सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई।

रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाएं और युवतियां जब लोकगीतों की मधुर लय पर थिरकीं, तो पूरा वातावरण मानो आस्था और आनंद के संगम में परिवर्तित हो उठा। उत्सव ने न केवल नारी शक्ति की गरिमा को अभिव्यक्त किया, बल्कि समाज में परंपरा, संस्कृति और आपसी सौहार्द्र की सुदृढ़ता का संदेश भी दिया। इस आयोजन में दीपाली, सेजल, चेतना, पाखी, सुहानी, पीहू, राधिका, भाविका, सिद्धि, सौम्या, आंचल, प्रियल, सौम्या केला, पल्लवी सहित समाज के अध्यक्ष नवल किशोर केला, रमेश केला, अरुण केला, चिरंजी लाल गांधी, गोविंद सददानी, नंदकिशोर राठी, विजय केला, हरीश केला, महेश केला, रश्मि केला, गीता केला, चंदा केला, हेमा केला, मनीषा केला, कोमल केला, हनी, शिल्पा केला, वैशाली केला, विमला केला, सीमा राठी एवं अन्य समाजजन उपस्थित थे।



## परसाबुड़ा सचिव के स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग

**धमतरी।** ग्राम पंचायत परसाबुड़ा में पदस्थ सचिव के स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से की है। मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत परसाबुड़ा सरपंच सहित उपसरपंच होरीलाल, पंच हिरामन, पूनमबाई, केशर सिन्हा, दिलेश्वर, मोहन, पुष्पा सेन, चंद्रिका, दूजबाई आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि वर्तमान में परसाबुड़ा में सचिव पद पर श्यामलाल यादव पदस्थ हैं जिसका स्थानांतरण बिना किसी वजह से राजनीतिक दबाव में ग्राम छिपली में किया गया है। परसाबुड़ा पंचायत में राजाडेरा, रेंगाडीह, कमारपारा तीन आश्रित ग्राम है। पंचायतवासियों का कार्य सही समय पर हो रहा है। उनके कार्य से किसी को कोई आपत्ति नहीं है, फिर भी सचिव का स्थानांतरण न्यायोचित नहीं है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग की है।

# बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ में धमतरी का दबदबा

- महावीर को मिली दोहरी जिम्मेदारी, सलज व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने


महावीर चोपड़ा


सलज अग्रवाल

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ में धमतरी जिले को महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिला है। शहर के सक्रिय कार्यकर्ता महावीर चोपड़ा को बस्तर संभाग संगठन प्रभारी के साथ-साथ प्रदेश प्रचार-प्रसार प्रभारी की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा प्रदेश कार्यसमिति में भी धमतरी के कई नेताओं को स्थान दिया गया है। इनमें नरेंद्र रोहरा, प्रकाश गोलछा, नवीन सांखला, राजेंद्र लुंकड़, हरख जैन (भखारा), रानू डागा, देशांत लोढ़ा और नरेंद्र जायसवाल शामिल हैं। वहीं सलज अग्रवाल को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

ज्ञात हो कि श्री चोपड़ा लंबे समय से भारतीय जनता युवा मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर सक्रिय भूमिका निभाई है और अपनी कार्यशैली से पहचान बनाई है। जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक उनके अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। राजनीतिक गलियारों में महावीर चोपड़ा और सलज अग्रवाल को एक मेहनती और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है। उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। जिले के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का विश्वास जताया है।

# गांजा की बेचते हुए दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से 518 ग्राम गांजा, बाइक व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 518 ग्राम गांजा, बाइक व मोबाइल जब्त किया गया है।

अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम नवागांव के सत्संग भवन के पास दो युवकों द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ की बिक्री किए जाने की सूचना मिली। जानकारी होने पर अर्जुनी पुलिस की टीम बताए गए स्थान नवागांव-कण्डेल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी कर दी। इस दौरान संदेही युवक पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संदेहियों को भागने से पहले दबोच लिया। युवकों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 518 ग्राम अवैध गांजा कीमत लगभग 5 हजार रूपये, 2 नग मोबाइल फोन कीमत 10 हजार रूपये, 1 नग मोटरसाइकिल कीमत 65 हजार रूपये, बिक्री रकम 2680 रूपये सहित कुल 82 हजार 680 रूपये की संपत्ति जब्त की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सोनराज साहू पिता कुशलेन्द्र उम्र 20 वर्ष ग्राम कंडेल थाना अर्जुनी निवासी व रवि कुमार चंद्राचल पिता दशरथ उम्र 29 वर्ष ग्राम नवागांव थाना अर्जुनी निवासी बताया। अर्जुनी थाना में धारा 20 बी, II-ए एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी सोनराज साहू व रवि कुमार चंद्राचल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411